पत्र सूचना शाखा
सूचना एव जनसम्पर्क विभाग उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल से स्कूली बच्चों ने भेंट की

बच्चों के संतुलित आहार की जानकारी अभिभावकों को दें शिक्षिकाएं

–राज्यपाल श्रीमती आनंदी बेन पटेल

लखनऊ : 17 दिसम्बर, 2022

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से आज राजभवन में किडजी प्राइमरी तथा मांउट लिटेरी जी स्कूल के लगभग 300 बच्चों ने मुलाकात की। बच्चों ने इस अवसर पर हस्तनिर्मित बधाई–पत्र राज्यपाल जी को भेंट किए।

राज्यपाल जी ने मुलाकात हेतु साथ में आई शिक्षिकाओं को बच्चों की शिक्षा के साथ–साथ उनके उचित पोषण पर भी ध्यान केन्द्रित करने को कहा। उन्होंने कहा कि बच्चों को संतुलित आहार प्रदान करना चाहिए। उन्होंने शिक्षिकाओं से कहा कि वे बच्चों के अभिभावकों को संतुलित पोषण की जानकारी दें, जिससे बच्चा न तो कुपोषित हों न ही कम उम्र में अत्याधिक मोटापे का शिकार हों।

राजभवन में पहली बार आए बच्चों ने यहाँ विविध वाटिकाओं का भ्रमण किया तथा विशेष रूप से पंचतंत्र वाटिका में हर्षोल्लास के साथ समय व्यतीत किया।

डा0 सीमा गुप्ता/राजभवन
सम्पर्क सूत्र– 8318116361



PANCHTANTRA VAN